बंगाल में बंगाली समाज सुरक्षित नहीं : नड्डा

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण

जबलपुर, 23 जनवरी. नेताजी वर्ष 1939 में जबलपुर आए थे. भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी भी सिटी बंगाली क्लब से जुड़े थे. हमें बंगाल और उसके के गर्व को कभी भूलना नहीं चाहिए.

देश की आजादी में बंगाल की अहम भूमिका रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने वंते मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संसद में विशेष चर्चा करवाई. राष्ट्रगान जन गण मन को भी पूर्ण सम्मान दिया जा रहा है. यह बातें केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने बसंती पंचमी की बधाई के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन कर करते हुए

जबलपुर में नेताजी की प्रतिमा का किया अनावरण और शताब्दी स्तम्भ का लोकार्पण अ वसर पर कहीं. उन्होंने कहा कि बंगाल प्रदेश जिसने हमेशा से ही पूरे देश के सामाजिक, साहित्यक, राजनीतिक, सांस्कृतिक नेतृत्व को दिशा दी है.

> केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1939 में जब नेताजी का जबलपुर आगमन हुआ था और बंगाली समाज की इस संस्था ने उनका स्वागत किया था उसी समय जो राजनीतिक घटनाक्रम और कांग्रेस ने वह ऐतिहासिक भूल नहीं की होती तो आजादी के समय देश का नक्शा नहीं बदल सकता था क्योंकि मैं आज फिर कह देना चाहता हूं कि यह बात हमेशा से कही जाती है कि जो बंगाल आज सोचता है वह पूरा देश कल सोचता है इसलिए बंगाल और बंगाल प्राइड का नाता देश के विचार से सतत जुड़ा हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मात्रम के रचियता वंकिमचंद्र चटर्जी पर सदन में चर्चा कराई, बंगाली भाषा को क्लासिकल लैंग्वेज और दुर्गापूजा एवं शांति निकेतन को यूनेस्को तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है. बंगाली भाषा को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया गया है. सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का कलंक मिटा और आज जम्मू-कश्मीर भारत का मोर मुकुट बन रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रकृति में बसंत का मौसम, ऋतुओं का राजा है. उन्होंने कहा कि प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने झंडा चौक से गौरीघाट तक भव्य रोड शो किया.

भीषण हादसा : ट्रेलर ने कुचले दो युवक

मौत के बाद परिजनों का जिला अस्पताल में धरना

नीमच, 23 जनवरी. नीमच के समीप भरभडिया फंटे पर गुरुवार देर रात हुए भीषण सडक़ हादसे ने सरवानिया महाराज गांव के दो परिवारों की खुशियां छीन लीं. तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

मृतकों की पहचान गोविंद पिता रामचंद्र रेगर और भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू पिता भंवर सिंह राजपूत के रूप में हुई है.प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार सीमेंट क्लिंकर से भरा ट्रेलर नीमच से मंदसौर की ओर जा रहा था, जबकि दोनों युवक मजदूरी कर नीमच से जावद लौट रहे थे. इसी दौरान भरभडिया फंटे पर ट्रेलर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर

मार दी. दोनों युवक ट्रेलर में फंस गए और करीब 50 फीट तक घसीटते चले गए. बेकाबू ट्रेलर चौराहे पर लगी लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए खेत में जा घुसा और बिजली के खंभों से टकरा गया,जिससे 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन में स्पार्किंग हुई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई. हादसे में दोनों युवकों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए. सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.

मनरेगा योजना ग्रामीण भारत का अधिकार

चौपाल कार्यक्रम में बोली पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन

मन्दसौर. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की केंद्रीय कार्य समिति सदस्य, तेलंगाना प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने शुक्रवार को मन्दसौर जिले में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के अंतर्गत आयोजित चौपाल कार्यक्रमों में भाग लिया.

इस दौरान जिले के विभिन्न ब्लॉकों में मनरेगा बचाओ संग्राम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम के तहत मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक के ग्राम रिछा बच्चा एवं दलौदा ब्लॉक के ग्राम टोलखेड़ी

की चौपालों में ग्रामीणजनों से पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने सीधा संवाद किया. उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है. कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट संदेश है कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत का अधिकार और रोजगार की संवैधानिक गारंटी है.

जारी रहेगा आंदोलन

मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ मनरेगा बचाओ अभियान राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन के रूप में निरंतर जारी रहेगा . वहीं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव-गांव चौपालों के माध्यम से ग्रामीणजनों को मनरेगा में किए गए बदलावों की जानकारी दे रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन गरीबों, मजदूरों और किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देगा और यह संघर्ष आगे भी लगातार जारी रहेगा.

रतलाम विकास के सभी कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे : मंत्री काश्यप

रतलाम, 23 जनवरी. रतलाम नगर को गौरवशाली बनाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल व निगम परिषद अपना दायित्व पूरी ईमानदारी से निभा रही है जिसके तहत नगर के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे है. उक्त उद्गार केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप ने बसंत पंचमी रतलाम स्थापना नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम तिराहे स्थित महाराजा रतनसिंहजी प्रतिमा पर माल्यार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए. उन्होने कहा कि रतलाम विकास के लिये सभी कार्य प्रमुखता से किये जायेंगे.

इमलीखेड़ा में पाइप फैक्ट्री में आग, लाखों का माल खाक

घंटो मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

छिंदवाड़ा, 23 जनवरी. शहर से लगे इमलीखेड़ा के इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में स्थित एक पाइप निर्माण फैक्ट्री में आग लग जाने से फैक्ट्री में रखा सामान जलकर खाक हो गया. आग बुझाने के लिए अलग-अलग स्थानों से 15 फायर ब्रिगेड बुलाई गई जिसके बाद करीब घंटो मशक्कत करने के बाद आग बुझाई गई.

बता दे कि इमलीखेड़ इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में प्रकाश गुप्ता की पाइप बनाने की फैक्ट्री है आज दोपहर अचानक फैक्ट्री में आग लग गई. आग ने देखते ही देखते

विकराल रूप धारण कर लिया. फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने के बाद नगर निगम अधिकारी सहित प्रशासनिक अमला और पुलिस की टीम भी वहां पहुंच गई. फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने के लिए नगर निगम की अग्निशमन शाखा एवं जिला परिषद की टीम करीब 15 फायर ब्रिगेड वाहनों से फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया.

> बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में अधिकारी भी मौजूद रहे. प्लास्टिक के पाइप बनाए जाते थे, जिससे आग ने बेहद तेजी से विकराल रूप ले लिया. आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई. आब बुझाने के लिए नागपुर से फायर ब्रिगेड बुलाई गई इसके साथ ही परासिया, बडकुही, चौरई, चांद, बिछुआ, अमरवाड़ा की फायर बिग्रेड को मौके पर बुलाया गया. साथ ही टैंकरों से भी पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया.

बढ़ते वाहन, खस्ताहाल सड़कें और अव्यवस्थित पार्किंग से चरमराई

इंदौर. शहर में वाहनों की संख्या में लगातार हो रही बेतहाशा वृद्धि, खस्ताहाल सड़कें और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है. हालात ऐसे हैं कि ट्रैफिक जाम अब आम समस्या नहीं, बल्कि भयावह रूप ले चुका है. इंदौर में अब इंसानों से ज्यादा वाहन हो चुके हैं और पंजीकृत वाहनों की संख्या 30 लाख के पार पहुंच गई है.

साढ़े 8 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

64 लाख के प्लॉट का झांसा देकर की धोखाधड़ी

इंदौर, 23 जनवरी. लसुडिया थाना क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. स्कीम-78 में 64 लाख रुपए कीमत का प्लॉट सस्ते दाम पर दिलाने का झांसा देकर फरियादिया से ऑनलाइन और नकद रूप में 8 लाख 46 हजार रुपए ऐंठने वाले शातिर जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि फरियादिया वर्षा पति रोहित नायर, निवासी बीआरजी सांग्रीला कॉलोनी, लसुडिया ने

शिकायत दर्ज कराई थी कि शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड निवासी गोल्डी राठौर ने वर्ष 2022 में स्कीम-78 में 2380 वर्गफीट का प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया. आरोपी ने प्लॉट दिखाकर सौदा कराने की बात कही. इस दौरान फरियादिया से अलग-अलग समय पर ऑनलाइन व नकद माध्यम से 8 लाख 46 हजार रुपए ले लिए थे.

> रकम लेने के बाद न तो प्लॉट का सौदा कराया और न ही पैसे वापस किए. काफी समय तक टालमटोल करने के बाद आरोपी फरार हो गया. मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गोल्डी पिता सत्यनारायण राठौर, निवासी शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस आरोपी से अन्य संभावित पीड़ितों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है.

एक नजर में

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, 3 बहनों की मौत

अनूपपुर, 23 जनवरी. जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली स?क दुर्घटना में सीमेंट और सरिया से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार तीन नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई. चालक ने अचानक सामने आए एक बैल को बचाने का प्रयास किया और इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. इस घटना से पूरा क्षेत्र में शोक में डूब गया. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खजुरवार से लालपुर की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा ट्रैक्टर के इंजन पर रुक्मणी बाई महोबे अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ बैठी थीं. ट्रैक्टर महिला का जेठ दिनेश कुमार महोबे चला रहा था. रास्ते में अचानक एक बैल सामने आया, चालक ने उसे बचाने के लिए ट्रैक्टर मो?ा, जिससे वाहन का संतुलन बिग? गया और वह स?क किनारे पलट गया. हादसे में रुक्मणी बाई महोबे की तीनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल दमेहडी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही तीनों मासूमों ने दम तो? दिया. मृत बच्चियों की पहचान 6 वर्षीय काव्या महोबे, 3 वर्षीय अमानिका महोबे और 3 माह की आंशिका महोबे के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. दुर्घटना में मां रुक्मणी बाई महोबे को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है.

कुएं में गिरने से सफेद भालू शावक की मौत



अनूपपुर, 23 जनवरी. जिले के जैतहरी विकास खंड के ग्राम मुंडा में गुरूवार-शुक्रवार की रात विचरण करते हुए सफ़ेद रंग का नर भालू शावक की अचानक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई. घटना की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भालू के शव को बाहर निकाल कर परीक्षण कर अंतिम संस्कार किया गया. जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जैतहरी के गि?यातोला भी अंतर्गत मुंडा गांव की चूहिराटोला निवासी मनदेव राठौर के खेत में कुआं है. इसमें गुरुवार-शुक्रवार की रात भालू के गिरने एवं तेज आवाज को सुनकर ग्रामीणों ने गड़ियाटोला वनरक्षक नरेंद्र पटेल को सूचना दी. सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे.

संविदाकर्मी बोले- वेतन न मिला तो देंगे धरना

आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

गुना, 23 जनवरी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पिछले दो महीनों से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है. शुक्रवार को संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की.

कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर माह की 1 से 5 तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन विभाग की तकनीकी पेचीदगियों और

> आरोप है कि कभी सिविल सर्जन कार्यालय तो कभी आरएमओ कार्यालय से दस्तावेजों की खानापूर्ति अधूरी रहने के कारण फाइलें अटकी रहती हैं, जिससे कई कर्मचारियों को दो महीने से फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है. वेतन न मिलने के कारण संविदा कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उनके पास मकान का किराया देने, बिजली-पानी के बिल भरने और बच्चों की स्कूल फीस जमा करने तक के पैसे नहीं बचे हैं. बैंक की ईएमआई बाउंस होने से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव बढ़ रहा है. संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे काम बंद कर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे. वहीं, सिविल सर्जन ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि तकनीकी बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा.

प्रशासनिक लेटलतीफी के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं. कर्मचारियों ने बताया कि वेतन रुकने का मुख्य कारण 'सार्थक एप' पर हाजिरी का वेरिफिकेशन न होना है. हालांकि कर्मचारी शासन के नियमों का पालन करते हुए इस एप पर हाजिरी दर्ज कर रहे हैं, लेकिन कई बार तकनीकी खामियों या सर्वर की समस्या के कारण हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती है. इस छोटी सी तकनीकी चूक की सजा कर्मचारियों को वेतन कटौती के रूप में भुगतनी पड़ रही है.

ग्वालियर व्यापार मेला में लौटी रौनक, चार दिन में बिकीं 4000 गाड़ियां

ग्वालियर. व्यापार मेले में रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट के ऐलान के बाद ऑटोमोबाइल सेक्टर में जबरदस्त रौनक लौट आई है. महज 4 दिनों में करीब 4000 गाड़ियां बिक चुकी हैं और करोड़ों रुपये का कारोबार हुआ है. इस बार वाहन खरीदने वालों के लिए बड़ा मौका बनकर आया है. जैसे ही सरकार ने रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट देने का ऐलान किया, वैसे ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी. पहले जहां स्टॉल सूने नजर आ रहे थे, वहां खरीदारों की चहल-पहल दिख रही है. चार दिनों के भीतर लगभग 4000 गाड़ियां बिक जाना इस बात का साफ संकेत है कि टैक्स छूट ने बाजार को नई जान दे दी है.

प्राचार्य को जांच में दोषी पाये जाने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं

उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जबलपुर, 23 जनवरी. मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जनभागीदारी समिति की राशि में हेरफेर के मामले में जांच के बाद शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर की प्राचार्य के खिलाफ जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई.

जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने उच्च शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा आयुक्त, अतिरिक्त संचालक सागर संभाग, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. यह मामला सागर निवासी नितिन शर्मा की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र शाह, अखिलेश प्रजापति ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के विरुद्ध गठित उच्च शिक्षा विभाग गठित जाँच समिति की रिपोर्ट पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है. समिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मकरोनिया के प्राचार्य डॉ. एसी जैन एवं प्रोफेसर डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव शामिल थे. समिति ने 19 जून 2025 की विस्तृत जाँच रिपोर्ट में बताया कि डॉ. सरोज गुप्ता द्वारा वरिष्ठता सूची में हेराफेरी कर स्वयं को प्राचार्य नियुक्त करवाया है.

आयोजन | देवभूमि पचमठा में आयोजित मां बीहर आरती कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री

धार्मिक कार्यक्रम सनातन मूल्यों को करता है मजबूत

भोपाल, 23 जनवरी 2026. अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रीवा की देवभूमि पचमठा में आयोजित मां बीहर आरती कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीहर आरती का आयोजन न केवल सनातन संस्कृति को दृढ़ता प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज को जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है. यह दिन ऐतिहासिक है और हम सभी इसके साक्षी बन रहे हैं. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं

सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं और सनातन मूल्यों को मजबूत करते हैं. उन्होंने श्रीराम दरबार परिवार की सराहना करते हुए कहा कि बीहर आरती की शुरुआत एक सराहनीय पहल है, जो अब प्रतिदिन दिव्य और भव्य रूप में आयोजित की जा रही है. यह आयोजन शंकराचार्य के देश को एक सूत्र में बांधने के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

> उन्होंने कहा कि देवभूमि पचमठा में आयोजित बीहर आरती श्रद्धा और आस्था का केंद्र बनती जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुड़ रहे हैं. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आरती स्थल के विस्तार, हाई मास्क लाइट लगाए जाने सहित अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विधिवत पूजन-अर्चन किया और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की.

शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने उमड़े भक्त

बढ़ौरा एवं नीलकंठ स्वामी मौहार मंदिर में लगा मेला

सीधी 23 जनवरी. जिले भर में आज बसंत पंचमी का पावन पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल बढ़ौरा शिव मंदिर एवं मौहार के नीलकंठ स्वामी मौहार मंदिर में शाम तक शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती रही.

यहां विशाल मेले का आयोजन किया गया था. शहर के पूजा पार्क एवं पडरा शिव मंदिर में भी पूजा-अर्चना करने श्रद्धालु पहुंचे. बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती एवं भगवान शिव के पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है. इस अवसर पर जिले के बढ़ौरा शिव

मंदिर तथा बहरी के पास मौहार स्थिति स्वामी नीलकंठ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव का रूद्राभिषेक करते हैं. दोनों ही प्रमुख धार्मिक स्थलों में विशाल मेले का भी आयोजन किया गया. जहां श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए विशेष वाहन भी चलाए गए. भगवान शिव के दर्शन करने शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. पुराणों के अनुसार बसंत पंचमी पर शिव अराधना का भी विशेष महत्व बताया गया है. देवालयों में भगवान शिवलिंग का रूद्राभिषेक व जल चढ़ाने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है. जिले के बढ़ौरा शिव मंदिर और मौहार स्वामी नीलकंठ मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर विशेष अराधना की.

समरसता को सुदृढ़ करते हैं सामूहिक विवाह : निर्मला भूरिया

झाबुआ. जिले के पेटलावद के ग्राम बनी में परम् पूज्य आचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री के पावन सानिध्य में श्री हरिहर नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित श्री शिवशक्ति महायज्ञ एवं 11 कन्याओं के नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से शामिल हुई. मंत्री निर्मला भूरिया ने आयोजन की सराहना कर कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक सहयोग प्रदान करते है.